हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 21.2 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

4
मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में अब तक 15 हजार प्रकरणों का निराकरण



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएं एवं मांगों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम सुकमा निवासी स्व. सम्पति कुजूर का आकाशीय बिजली से 21 मार्च 2025 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति राजकुमार कुजूर हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** सोशल मीडिया पर दोस्ती कर नाबालिग बालिका को प्रेम और विवाह का झांसा देकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में कुनकुरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामला अत्यंत संवेदनशील होने के चलते पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नाबालिग को सकुशल बरामद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कुनकुरी क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम निवासी महिला ने 13 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री, जो स्थानीय शासकीय विद्यालय में कक्षा सातवीं की छात्रा है, 12 दिसंबर की शाम घर के पास आग ताप रही थी। रात्रि करीब 9 बजे तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास, रिश्तेदारों और परिचितों में तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। परिजनों को आशंका थी कि किसी अज्ञात युवक ने बालिका को बहला-फुसलाकर भगा लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल गुम इंसान दर्ज कर बीएनएस की धारा 137(2), 87, 64, 65(1) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 3, 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की। विवेचना में आरोपी की पहचान विक्की राम चौहान उम्र 19 वर्ष, निवासी थाना कांसाबेल क्षेत्र के एक ग्राम के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने तथा पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

धर्मकांटा का सामान वर्षों से बैरियर में पड़ा, स्थानाभाव के कारण इंस्टॉलेशन अधर में

# लोदाम आरटीओ बैरियर पर धर्मकांटा नहीं ओवरलोड वाहन चालक कर रहे मनमानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



छत्तीसगढ़ झारखंड राज्य की सीमा प्रजाशपुर जिले के लोदाम आरटीओ बैरियर में अव्यवस्थाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बैरियर पर आज तक धर्मकांटा स्थापित न होने के कारण वाहनों के वास्तविक वजन की जांच पूरी तरह बाधित है। इससे ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई लगभग नामुमकिन हो गई है और चालक इसका खुला फायदा उठा रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैरियर में धर्मकांटा का पूरा उपकरण लगभग एक साल पहले पहुंच चुका है, लेकिन उपयुक्त स्थान न मिलने के कारण इंस्टॉलेशन आज तक शुरू नहीं हो सका। उपकरण बैरियर परिसर में रखे-रखे खराब होने की कगार पर पहुंच रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों ने इस ओर कोई पहल नहीं की है। धर्मकांटा नहीं होने की वजह से बैरियर कर्मचारी वाहन चालकों द्वारा दी गई बिल्टी में दर्ज वजन को ही सही मान लेते हैं। इससे ओवरलोड वाहन बिना किसी वास्तविक जांच के बैरियर पार कर लेते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उपकरण न होने की स्थिति में वे कार्रवाई नहीं कर सकते, ऐसे में कागजों के आधार पर ही काम चलाया जा रहा है।

### ओवरलोडिंग से सड़कें हो रही जर्जर

ओवरलोड वाहनों की बढ़ती संख्या से सड़कें टूट रही हैं, वहीं दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द धर्मकांटा स्थापित कर ओवरलोडिंग पर रोक लगाई जाए।

### प्रशासन की उदासीनता पर सवाल

धर्मकांटा का सामान उपलब्ध होने के बावजूद इंस्टॉलेशन न होना विभागीय उदासीनता को दर्शाता है। वर्षों से लंबित इस समस्या पर प्रशासन चुप है, जिससे कर्मचारियों और नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### तत्काल कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यदि स्थिति ऐसी ही रही तो ओवरलोड वाहन बेखौफ चलते रहेंगे और नियम सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि बैरियर की व्यवस्था दुरुस्त हो सके और ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक लग सके।

### सामान इंस्टाल नहीं

बेरियर में ओवरलोड़गि की जांच बिल्टी के आधार पर किया जाता है। आरटीओ बेरियर में धर्मकांटा का सामान कंपनी के द्वारा लाकर रखा गया है लेकिन कंपनी के द्वारा उसे इंस्टाल नहीं किया गया है।

-विजय निकूंज, जिला परिवहन अधिकारी जशपुर

## कोतबा स्वास्थ्य केंद्र की दुर्दशा पर मिंज ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**कोतबा।** कोतबा नगर और आसपास के 15 गांवों की चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक यूडी मिंज ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में उन्होंने जशपुर कलेक्टर को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की है।यूडी मिंज ने पत्र में उल्लेख किया है कि लगभग दो लाख की आबादी वाले इस क्षेत्र की पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था केवल एक आरएमओ के भरोसे चल रही है। वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिर केवल नाम मात्र का केंद्र बनकर रह गया है और योजना का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। जो कि दुःखद है। पत्र में लिखा गया है कि अस्पतालों में डॉक्टरों और आवश्यक स्टाफ की भारी कमी है। कई बार मरीजों को बिना इलाज के लौटना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाएं बुजुर्ग और गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज समय पर उपचार से वंचित हैं जिससे स्थिति और अधिक चिंताजनक होती जा रही है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष यू डी मिंज ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना का उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं देना है लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। यह न केवल शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विफलता को दर्शाता है बल्कि आम जनता के स्वास्थ्य और जीवन के साथ गंभीर खिलवाड़ भी है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे प्रकरण की विस्तृत और निष्पक्ष जांच कराई जाए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर की वास्तविक स्थिति का भौतिक सत्यापन कराया जाए जिसमें डॉक्टरों की पदस्थापना स्टाफ की उपलब्धता दवाइयों और मूलभूत सुविधाओं की जांच शामिल हो। साथ ही दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और क्षेत्र की जनता को शीघ्र समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। यू डी मिंज ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन इस गंभीर विषय को जनहित में लेते हुए त्वरित और ठोस कार्रवाई करेगा ताकि कोतबा नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य मिल सके।

■ निष्पक्ष जांच, सुधार व कार्रवाई की मांग

### युवती ने अज्ञात कारण से पेड़ में लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** लखनपुर क्षेत्र के ग्राम जामडीह देवगढ़ निवासी निशा आ. बाल मुकुंद (19 वर्ष) आज सुबह लगभग 8 बजे ग्राम खलिबा जंगल के समीप एक पेड़ में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतिका की पहचान उसके पास रखे बैग में मिले आधार कार्ड से हुआ वहीं पुलिस को बैग से एक युवक का फोटो भी मिला। मृतिका के पिता ने पुलिस को बताया जा रहा है कि शादी के बाद युवती भागकर शहर आ गई और शहर में ही रह कर एक होटल में काम करती थी।

## तंत्र-मंत्र और टोनही के अंधविश्वास पर जशपुर पुलिस की सख्ती



**जशपुरनगर।** तंत्र-मंत्र के नाम पर ठगी और टोनही (डायन) का झूठा आरोप लगाकर एक महिला के साथ अमानवीय मारपीट कराने वाले फरार दो बैगाओं को जशपुर पुलिस ने रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ से धरदबोचा है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मामला थाना दुलदुला क्षेत्र के ग्राम भिंजपुर का है। पुलिस के अनुसार आरोपी बैगा—कृपा चौहान उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम खर्रामुड़ा, थाना घरघोड़ा, जिला रायगढ़ तथा संतु राम चौहान उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम लेंघरा, थाना बरमकेला, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़—तंत्र-मंत्र के जरिए मृत महिला को जिंदा करने का दावा कर रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने मृतका की मौत का दोष गांव की एक महिला फौसी बाई पर डालते हुए उसे "टोनही" बताकर भड़काया, जिसके बाद महिला के साथ मारपीट की गई।

8 नवंबर 2025 को पीड़िता फौसी बाई उम्र 53 वर्ष ने थाना दुलदुला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तड़के उसके घर में जबरन घुसकर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और मारपीट की गई। आरोपियों ने उसे टोनही बताते हुए घसीटकर श्मशान ले जाने का प्रयास किया। शोर सुनकर पीड़िता के बेटे-बेटी के हस्तक्षेप से उसकी जान बची। पुलिस जांच में सामने आया कि रायपुर में पदस्थ एक सहायक उप निरीक्षक की पत्नी सुनीता भगत का इलाज के दौरान 30 अक्टूबर 2025 को निधन हो गया था। परिजनों के संपर्क में आए बैगाओं ने तंत्र-मंत्र से जिंदा करने का दावा करते हुए श्मशान में झाड़-फूंक का नाटक किया और 60 हजार रुपये की मांग की। शुरुआती तौर पर 11 हजार रुपये लेने के बाद, शेष रकम न मिलने पर उन्होंने पीड़िता फौसी बाई को टोनही बताकर हिंसा के लिए उकसाया।

### पहले ही हो चुकी थीं गिरफ्तारियां

इस प्रकरण में टोनही का आरोप लगाकर मारपीट करने वाले पुलिस अधिकारी सहित कुल आठ आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फरार बैगाओं की तलाश लगातार जारी थी। मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर विशेष टीम बनाकर दोनों को उनके गृह गांवों से घेराबंदी कर पकड़ा गया।

### हुई कानूनी कार्रवाई

आरोपियों के विरुद्ध थाना दुलदुला में बीएनएस की धाराएं 296, 351(2), 115(2), 333, 190, 191(2) तथा टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम की धारा 4 व 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध है।

### पुलिस की अपील

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने स्पष्ट किया कि जादू-टोना और किसी को टोनही कहना न केवल अंधविश्वास है, बल्कि गंभीर अपराध भी है। पुलिस ने नागरिकों से ऐसे अंधविश्वासों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की है।

## न्यायालयों में लगी नेशनल लोक अदालत

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन से पूरे छत्तीसगढ़ के समस्त जिला एवं तालुका के न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय के स्तर तक सभी न्यायालयों में 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

यह लोक अदालत वर्ष 2025 का पहला नेशनल लोक अदालत था, इस हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर के अनुमोदन पर जशपुर जिले में कुल 14 खंडपीठ का गठन किये गये थे। जिसमें खण्डपीठ क्रमांक 01 सतेन्द्र कुमार साहू प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, खण्डपीठ क्रमांक-02 राकेश बिहारी घोरे प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय जशपुर, खण्डपीठ क्रमांक-03 संतोष कुमार तिवारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश पत्थगलगांव, खण्डपीठ क्रमांक-04 भानुप्रताप सिंह त्यागी जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, खण्डपीठ क्रमांक-05 एसए पटवर्धन, जिला सत्र न्यायाधीश जशपुर, खंडपीठ क्रमांक-06 बलराम कुमार देवांगन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, खण्डपीठ क्रमांक-07 जर्नादन खरे अपर जिला सत्र न्यायाधीश जशपुर खण्डपीठ क्रमांक-08 जनार्दन खरे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, खण्डपीठ क्रमांक 09 सुमन सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर खण्डपीठ क्रमांक 10 नरेन्द्र कुमार तेंदुलकर वरिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट कुनकुरी, खंडपीठ क्रमांक 11 क्रांति कुमार सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी जशपुर खण्डपीठ क्रमांक 12 अंकिता यदु न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ व कनिष्ट श्रेणी बगीचा, खण्डपीठ क्रमांक 13 कु. श्वेता अवस्थी कनिष्ठ श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट पत्थलगांव, खण्डपीठ क्रमांक 14 के प्रज्ञा सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ व कनिष्ठ श्रेणी जशपुर को खण्डपीठ गठित किया गया था। तथा उक्त लोक अदालत में न्यायालय के लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरण जैसे बैंक मेटर्स, विद्युत बिल, जलकर, टेलीफोन बिल से संबंधित प्रकरणों का पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये जाने के अतिरिक्त न्यायालय में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिविलों व राजस्व न्यायालयों व धारा 138 एनआई एक्ट व फैमिली कोर्ट के मेटर के प्रकरणों के निराकरण के साथ-साथ स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस के प्रकरणों को निराकृत किया गया।

### सहायक शिक्षक फेडरेशन ने की जेडी से मुलाकात

**जशपुरनगर।** सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में अंबिकापुर में संयुक्त संचालक से मुलाकात कर पदोन्नति नियम 2019 के तहत रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति की मांग की। संयुक्त संचालक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, जशपुर के जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अंबिकापुर स्थित संयुक्त संचालक (जेडी) सरगुजा संभाग से मुलाकात कर शिक्षकों की पदोन्नति से जुड़े अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान फेडरेशन की ओर से संयुक्त संचालक के नाम एक औपचारिक ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें पदोन्नति नियम 2019 के तहत रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति किए जाने की मांग की गई। मुलाकात के दौरान संयुक्त संचालक ने फेडरेशन की मांगों को गंभीरता से सुना और तत्काल सकारात्मक कदम उठाए। जेडी ने मौके पर ही जशपुर जिला शिक्षा अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा कर सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति हेतु वरिष्ठता सूची शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए।

हरिभूमि
**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

जशपुर चैंपियनशिप में बैडमिंटन प्रतिभाओं का संगम

## खेल कोटे से सरकारी सेवा प्राप्त 11 खिलाड़ी पहुंचे जशपुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिला मुख्यालय में आयोजित 24वीं योनेक्स सनराइज छत्तीसगढ़ स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्रदेश भर से प्रतिभावान बैडमिंटन खिलाड़ी जुटे हैं।

देश के राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ियों को उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों के लिए भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा खेल कोटे के अंतर्गत विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी प्रदान की जाती है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करने वाले कई खिलाड़ी जशपुर की बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी शिरकत कर रहे हैं। यहां खेलने आए 11 खिलाड़ियों को सरकार की ओर से शासकीय सेवाएं प्रदान की गई है। खिलाड़ियों में आकर्षि कश्यप को डीएसपी के पद पर, जूही देवांगन को डाक विभाग, वेंकट गौरव प्रसाद, दक्ष चौधरी और हर्षित ठाकुर को रेलवे विभाग, मनीष गुप्ता और हिमांशु वर्मा को महालेखाकार में, आयुष मखीजा, राजीव सिंह, रमा दत्त को फॉरेस्ट डिपार्टमेंट, प्रवेश ध्री को सीआरपीएफ और हर्सल भोयार को रेलवे ऑडिट में नियुक्ति दी गई है। जानकारों का विश्वास है कि सरकार की यह पहल खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है।

■ उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मिलती है सरकारी नौकरियां

### पुरस्कार स्वरूप शासकीय सेवा

बैडमिंटन खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उनके राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कार स्वरूप दिए जा रहे शासकीय सेवा के प्रावधान से निश्चित रूप से इस खेल को प्रोत्साहन मिलेगा और आज के युवा अपने करियर के प्रति आश्वस्त हो कर बैडमिंटन खेल पर पूरा फोकस भी कर सकेंगे। ऐसे खिलाड़ियों के अभिभावक भी अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता मुक्त हो इस खेल में निवेश करने का निर्णय ले सकते हैं। बैडमिंटन खेल में लड़कियों के लिए अपेक्षाकृत अधिक अवसर है क्योंकि इस वर्ग में प्रतिस्पर्धा कम है।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण के खेत में लगे सोलर पैनल का स्टार्टर ले गए चोर

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी के ग्राम खोपा में कपिल राजवाड़े के खेत में लगे सोलर मोटर पंप का अज्ञात चोरों ने करीब तीन सप्ताह पूर्व स्टार्टर खोल कर पार कर दिया है। प्रार्थी ग्रामीण कपिल राजवाड़े की रिपोर्ट पर करंजी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है,घटना बीस दिनों पूर्व की बताई गई है।

### गिरने से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम बेलडीह निवासी अजय मिंज आ. सिलमेरियुस मिंज (45 वर्ष) शराब पीने का आदि था। शुक्रवार को नशे में धुत्त होकर कुर्सी में बैठा था तभी गिर गया जिससे घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** पटना थाना अंतर्गत निवासी 28 वर्षीय युवती ने रामानुजनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 2018 से अंबिकापुर नमना कला खटीक पारा में किराए के मकान में रहती हूं। इसी बीच 2023 में रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम मांजा निवासी लवकेश साहू आ. श्यामलाल साहू से उस सयम परिचय हुआ जब उसके दुकान में फोटो कॉपी कराने गई। जिसके बाद लवकेश मोबाइल नंबर लेकर अक्सर बात करने लगा। साल 2023 में ही लवकेश उसके किराए के मकान में आया और शादी करने की बात करते हुए जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। यह सिलसिला अक्टूबर 2025 तक चलता रहा। जब लवकेश से शादी करने की बात कही तो वह टाल मटोल करने लगा। जब शादी कर लेने की बात कही तो शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 69 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### राशन की चोरी के मामले में पुलिस ने दर्ज किया अपराध

बिश्रामपुर। करंजी पुलिस चौकी के ग्राम बरौल में एक सप्ताह पूर्व हुए उचित मूल्य दुकान का ताला तोड़कर राशन सामान चोरी होने मामले में पुलिस ने दुकान संचालक प्रार्थी कविंद्र पिता शिवनारायण की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 305, 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है,घटना 6 दिसंबर के मध्यरात्रि की बताई गई है,चोरों ने दुकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर दुकान के भीतर रखे 6 बोरी चावल,2 बोरी चीनी को चुराकर अपने साथ ले गए,चोरी किये गए राशन की कीमत करीब बीस हजार रुपये बताई गई है।

### एएसपी ने छात्र-छात्राओं को दी नए कानूनों की जानकारी



**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के निर्देशानुसार नए कानूनों की प्रदर्शनी स्थानीय कला केंद्र मैदान में लगाई गई है। आज लाइवलीहुड कॉलेज के प्रशिक्षु छात्र -छात्राओं ने प्राचार्य गिरीश गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अकरम खान परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने छात्र -छात्राओं से चर्चा करते हुए नए कानूनों एवं साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही बच्चों को बेहतर कैरियर निर्माण हेतु भी प्रेरित किया। नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान के संयोजक मंगल पाण्डेय ने कहा कि नए कानूनों के प्रति जागरूक होना हम सभी का नैतिक दायित्व है। इस दौरान मनोज भारती, अमृता जायसवाल, हिना खान, आदित्य गुप्त, संतोष कुमार विश्वकर्मा, उप निरीक्षक यातायात अभय तिवारी, प्रधान आरक्षक दलबीर सिंह, महिला आरक्षक ममता एवं राहुल गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### 26 हाथियों के दल का दंतैल हुआ आक्रामक

# अलग-अलग जंगलों में भ्रमण कर रहे हाथी सुरक्षा के लिए बने चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले एक सप्ताह से वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में भ्रमण कर रहा 26 हाथियों का दल विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। दल का एक हाथी शाम ढलते ही आबादी क्षेत्र में पहुंचकर तोड़फोड़ मचाना शुरू कर दे रहा है। क्षेत्र के अलग-अलग जंगलों में घूम रहे लोनर हाथी भी क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं।

**खास बात**
- अकेले पहुंच जा रहा बस्ती में, आधा दर्जन से अधिक घरों को बनाया खण्डहर

26 हाथियों का दल एक महीने बाद सीतापुर, लुण्ड्रा एवं राजपुर जंगल के रास्ते वापस प्रतापपुर पहुंच गया है तथा पिछले 10 दिनों से विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है। कुछ दिन सोनगरा एवं आसपास के जंगलों में भ्रमण करने के बाद हाथी पिछले पांच दिनों से वंशीपुर जंगल में है। तबाही की दृष्टि वन विभाग इस दल को बेहद शांत मानता है। वन अधिकारियों का कहना है कि शाम ढलने के बाद हाथी भोजन की तलाश में जंगल के बाहर निकलते हैं तथा पेट भरने के बाद भोर में वापस जंगल लौट जाते हैं लेकिन जशपुर से लौटने के बाद दल का एक युवा दंतैल वनकर्मियों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। दंतैल शाम ढलते ही दल से अलग हो जाता है जंगल से सटे बस्ती में पहुंचकर तोड़फोड़ मचाने लगता है। ग्रामीणों द्वारा खदेड़ने के बाद दंतैल पास की दूसरी बस्ती में पहुंच जाता है तथा वन अमला के पहुंचते तक घरों को खण्डहर बना देता है। दल के साथ रहने पर दंतैल शांत रहता है। रविवार को शाम 5 बजते ही दंतैल वंशीपुर बस्ती में घुस गया। दंतैल के बस्ती में पहुंचने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। दंतैल को खदेड़ने वनकर्मी गजराज वाहन का सायरन बजाते रहे लेकिन दंतैल पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। ग्रामीणों द्वारा तेज धमाके वाले पटाखे फोड़ने के बावजूद दंतैल बस्ती की गलियों में घूमता रहा। इस दौरान दंतैल ने गजराज वाहन पर भी हमला करने की कोशिश की। दंतैल को खदेड़ने के लिए वनकर्मी देर तक मशक्कत करते रहे।



फाइल फोटो

#### ढहा चुका है आधा दर्जन से अधिक घर

दंतैल अब तक विभिन्न क्षेत्रों में आधा दर्जन से अधिक घरों को ढहा चुका है। दो दिन पूर्व दंतैल ने ग्राम दुर्ती पण्डोपारा में 3 घरों को ढहा दिया था। गनीमत थी कि घर के सदस्य दंतैल के पहुंचते ही सुरक्षित स्थानों पर चले गए थे। ग्राम बगड़ा अंतर्गत घोधरी एवं ग्राम दुर्ती गोतवारी पारा में भी दंतैल ने भारी तबाही मचाई है। वंशीपुर जंगल के बीच महान नदी होने के कारण आसपास के क्षेत्रों में गन्ना की पर्याप्त खेती होती है जिस कारण हाथी अधिक समय तक जंगल में मौजूद रहते है। वर्तमान में कड़ाके की ठंड पड़ने एवं रात में घना कोहरा छाने के कारण हाथियों की निगरानी में वन अमले को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### लोनर हाथी भी कर रहे तोड़फोड़

लंबे समय से घुई जंगल में तबाही मचा रहे तीन लोनर हाथियों में से दो दंतैल प्रतापपुर जंगल में पहुंच गए हैं। दो दिन पूर्व एक साथ घूम रहे दो दंतैल जजवल के रास्ते तमोर पिंगला अभ्यारण्य की ओर चले गए थे। दंतैल सेंचुरी अंतर्गत ग्राम दुर्गा ई में दो घरों में तोड़फोड़ की। दोनों हाथी शनिवार को प्रतापपुर जंगल में पहुंच गए। एक दंतैल भरदा, चांची एवं बगड़ा में जबकि दूसरा दरहोरा जंगल में भ्रमण कर रहा है। लोनर हाथी भी बस्ती में पहुंचकर घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। अकेले घूम रहे हाथी कभी भी बस्ती में पहुंच जाते हैं जिससे सुरक्षा का खतरा बढ़ गया है। वर्तमान में भूख मिटाने के लिए खेतों में कोई फसल उपलब्ध नहीं है जिसके कारण हाथी आबादी क्षेत्रों का रूख कर रहे हैं।

#### की जा रही निगरानी

विभाग की अलग-अलग टीमों द्वारा लगातार हाथियों की निगरानी की जा रही है। हाथियों की क्षति का आंकलन किया जा रहा है। रात में विपरीत मौसम होने के कारण विविध समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है।

-**संस्कृति बरले**, उप वन मण्डलाधिकारी, प्रतापपुर

## जिले में शीतलहर को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में बढ़ती ठंड और संभावित शीतलहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल देव पैकरा ने लोगों से सतर्क रहने की बात कही है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में तापमान में गिरावट, शीतलहर एवं शीत दिवस की स्थिति बनने की संभावना जताई गई है।

सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा ने बताया कि शीतलहर का प्रभाव विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों पर अधिक पड़ता है। साथ ही हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, मधुमेह, अस्थमा एवं अन्य दीर्घकालिक रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शीतलहर के दौरान शरीर का तापमान अचानक गिर सकता है, जिससे हाइपोथर्मिया, हाथ-पैरों में सुन्नपन, श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि तथा हृदय रोगियों में जटिलताएँ बढ़ने की आशंका रहती है। बच्चों में सर्दी-जुकाम व निमोनिया का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने शीतलहर को विशेष ध्यान में रखते हुए नागरिकों को परतदार गर्म कपड़े पहनने, ऊनी टोपी, मफलर, दस्ताने व मोजे का उपयोग करने की सलाह दी है। सुबह एवं शाम के समय अनावश्यक बाहर निकलने से बचने, गर्म भोजन व पेय पदार्थों का सेवन करने तथा ठंड में भी पर्याप्त पानी पीने तथा धूम्रपान से दूर रहने की सलाह दी गई है। घर के अंदर हीटर का उपयोग सावधानीपूर्वक करने तथा बंद कमरों में अंगीठी या कोयला नहीं जलाने की सलाह दी गई है, क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से दम घुटने का खतरा रहता है। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों को अतिरिक्त गर्माहट देने की आवश्यकता बताई गई है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में शीतलहर से संबंधित उपचार एवं दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है।



## जनजाति गौरव समाज की प्रांतीय बैठक में महापुरूषों के योगदान पर हुई चर्चा

**अम्बिकापुर।** जनजाति गौरव समाज की प्रांतीय बैठक अम्बिकापुर में संरक्षक प्रेम शंकर सिदार के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश अध्यक्ष एम.डी.ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संरक्षक श्री सिदार ने संगठन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने देश के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारी महापुरूषों एवं तिलका मांझी, टांटेया भील, शंकर शाह, सिद्धू-कान्हू-चांद-भैरव, वीर बुधू भगत के लरका आंदोलन एवं कोल विद्रोह जैसी घटनाओं का उल्लेख किया तथा जनजाति समाज के आध्यात्मिक विरासत पर विचार साझा किया। आगामी कार्य योजना में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वालंबन, व्यसनमुक्ति और श्रद्धाजागरण की दिशा में कार्य करने पर बल दिया। प्रदेश अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने संभाग, जिला और ब्लॉक में एक मजबूत संगठन बनाने का आह्वान किया तथा पुनर्गठन की दृष्टि से संभागीय अध्यक्ष परमेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, सचिव सहदेव भगत के नाम की घोषणा की। प्रदेश महामंत्री रामलखन सिंह पैकरा ने जनजाति गौरव समाज की स्थापना के उद्देश्य व भूमिका पर अपना विचार व्यक्त किया। युवा प्रभाग के प्रदेश अध्यक्ष इंदर भगत ने देव दर्शन, वन संचार की सूचना विषय पर अपना विचार रखा। प्रवासी भारतीय चंद्रकांत पटेल ने बैठक को संबोधित किया तथा समाज को 2.5 लाख की सहयोग राशि प्रदान की। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष बंशीधर उरांव, संभागीय उपाध्यक्ष उमाशंकर भगत, तेजबल नाग, शिवनारायण सिंह, जिलाध्यक्ष बिहारी उरांव, रघुवीर भगत, दिनेश सिंह, संतोष सिंह, रामप्रताप मरावी, उपेंद्र उरकेरा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महामना मालवीय मिशन के नवीन भवन का शुभारंभ



**अम्बिकापुर।** महामना मालवीय मिशन के नवनिर्मित भवन का विधि-विधान पूर्वक शुभारंभ किया गया। आचार्य पं.राम नारायण शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना और गृह प्रवेश कराया। इस दौरान आचार्य श्री शर्मा ने सत्य, धर्म, कर्तव्य और मानव-सेवा के महत्व को बताया। वरिष्ठ सदस्य हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि मालवीय जी का आदर्श हर काल में प्रासंगिक है। समाज का भवन बनने का सपना आज पूरा हुआ। डॉ.डीएन द्विवेदी ने कहा कि अध्यात्म और समाजसेवा एक साथ मिलकर जनकल्याण की कामना करता है तो समाज में पवित्रता आती है। सुरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि मालवीय जी के जीवन दर्शन को आत्मसात करने की जरूरत है। इस दौरान डॉ.बीके सिंहललित मोहन तिवारी, सच्चिदानंद पाण्डेय, जनार्दन दुबे, रणविजय सिंह तोमर, प्रकाश कश्यप, राज नारायण द्विवेदी, अशोक कुमार सोनकर, तनय उपाध्याय, जगदीश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## पूर्व डिप्टी सीएम के नेतृत्व में रैली में शामिल हुए सरगुजा के युवा

**अंबिकापुर।** पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में सरगुजा संभाग से करीब 500 युवाओं ने दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली में अपनी सहभागिता दी। 14 दिसंबर को रामलीला मैदान में कांग्रेस के द्वारा आखिल भारतीय स्तर की इस रैली का आयोजन किया गया था।

इस सफल रैली में शामिल होने के लिए 12 दिसंबर से ही सरगुजा से कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ता ट्रेन, बस एवं अन्य माध्यमों से दिल्ली रवाना हो गए थे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने सरगुजा संभाग के युवाओं के रैली में शामिल होने के लिए यात्रा और ठहराव की व्यवस्था की थी। युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकल झा और एनएसयूआई अध्यक्ष आशीष जायसवाल को व्यवस्था की जवाबदेही दी गई थी।



## संघर्ष में घायल ग्रामीणों के उपचार हेतु लगाया गया कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अमेरा खुली खदान विस्तार को लेकर विरोध के दौरान घायल हुए ग्रामीणों के उपचार हेतु ग्राम परसोडीकला में संजीवनी अस्पताल के 7 सदस्यीय चिकित्सा दल ने कैम्प लगाया। इस दौरान संघर्ष में आहत 5 ग्रामीणों को फ्रेक्चर की संभावना देखते हुए उन्हें एक्स रे की सलाह देते हुए अस्पताल बुलाया गया है।

- परसोडीकला में विरोध के दौरान कई ग्रामीणों को आई थी चोटें

शुक्रवार को आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने परसोडीकलाका दौरा किया था। इस दौरान ग्रामीणों से चर्चा में यह जानकारी मिली थी कि संघर्ष के बाद प्रशासन ने उन्हें पर्याप्त इलाज उपलब्ध नहीं कराया था। संघर्ष में कुछ ग्रामीणों के सर पर चोट लगी थी जिन्हें प्राथमिक इलाज के पश्चात अपने हाल पर छोड़ दिया। शेष आहत ग्रामीणों को कोई इलाज मुहैया नहीं कराया गया था। इसपर श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने संजीवनी अस्पताल के संचालक और पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की से मेडिकल सहायता का अनुरोध किया था। डॉ. अजय तिर्की ने जानकारी दी कि कुल 43 ग्रामीणों का इलाज किया गया है। कुछ में फ्रैक्चर की संभावना देखते हुए उन्हें अस्पताल बुलाया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि जिन ग्रामीणों के सर पर चोट आयी थी उन्हें छोड़ अन्य किसी भी व्यक्ति को प्रारंभिक चिकित्सा उपलब्ध नहीं कराई गई। कई ग्रामीण व्यक्तिगत प्रयास से स्थानीय रूप से इलाज करवा रहे थे। संजीवनी अस्पताल के द्वारा भेजे गए मेडिकल टीम में आपातकालीन चिकित्सक डॉ. ऋषभ, डॉ. इकबाल, ड्रेसर अनिल कश्यप, नर्स सिस्टर निशा एवं मोनिका एवं अन्य मेडिकल स्टॉफ लक्ष्मी एवं लालजी शामिल थे।



#### राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर सामूहिक पहल जरूरी : आदित्येश्वर

शुक्रवार को परसोडीकला के ग्रामीणों से मुलाकात के बाद आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि संघर्ष की घटना असंवेदनशील थी। प्रशासन को इससे बचना चाहिए था। उन्हें उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए ग्रामीणों का सहयोग लेना था। उन्होंने इस बात पर दुःख व्यक्त किया कि घटना में दोनों पक्षों को चोट आयी। ग्रामीणों के अपर्याप्त इलाज पर उन्होंने चिंता जताते हुए उन्हें इलाज का आश्वासन दिया था। उनकी पहल पर आज ग्रामीणों को इलाज मुहैया हुआ। उन्होंने परसोडीकला के ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि उन्हें कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के लिए माइनिंग जरूरी है, लेकिन रामगढ़, परसोडीकला, मैनपाट में हो रहे खनन से सरगुजा की संस्कृति, सभ्यता और पर्यावरण को गंभीर खतरा है। यह बात दलीय विचारधारा से ऊपर की है। उन्होंने सरगुजा को बचाने की पहल के लिए सभी दलों को साथ आकर प्रयास करने का आह्वान किया था।

## विद्युत कंपनी के चेयरमैन के साथ हुई बिजली कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के पदाधिकारियों की विद्युत कंपनी के चेयरमैन के साथ बैठक हुई। बैठक में विद्युतकर्मियों व पेंशनरों को बिजली बिल की छूट को पुनः प्रारंभ करने सहित पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल ने कर्मचारी-अधिकारियों के आवासीय परिसर में सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापना की अनिवार्यता के व्यवहारिक दिक्कतों की चर्चा की तथा विद्युत देयक में दी जा रही छूट को बंद किए जाने को अंतरण योजना का उल्लंघन बताया। उन्होंने बिजली कर्मचारियों को मिलने वाली छूट पूर्ववत रखने की मांग की। चेयरमैन ने सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद शीघ्र निर्देश का आश्वासन दिया।

- चेयरमैन ने वेतन वृद्धि व पुरानी पेंशन बहाली को शीघ्र लागू करने का दिया आश्वासन


इस संबंध में महासंघ की मांग पर विद्युत कर्मचारियों द्वारा स्वयं का मकान नहीं होने पर शपथ पत्र देकर अनिवार्यता से छूट मिलने तथा बिना ब्याज संपूर्ण लोन देकर सोलर पैनल लगाने की सहमति व्यक्त की गई। बैठक में 2004 के बाद नियुक्ति कर्मचारियों को पुरानी पेंशन के बहाली के संबंध में प्रक्रिया अंतिम चरण में होने तथा मुख्यमंत्री से चर्चा होने के बाद इस पर अंतिम निर्णय लेने वहीं संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि के संबंध में निर्णय लेने तथा बीओडी की बैठक में अनुमोदन उपरांत आदेश जारी करने की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्युत मजदूर महासंघ के उपमहामंत्री हरीश चौहान, महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रांतीय महामंत्री नवरतन बरेठ, कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिन्हा, कोषाध्यक्ष कोमल देवांगन, प्रांतीय संगठन मंत्री केएन यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### हर रोज गायत्री खदान से पार कर रहे कई टन कोयला

# सूरजपुर-सरगुजा के सीमावर्ती क्षेत्रों में कोयला तस्कर सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/महंगई

इन दिनों गायत्री खदान से कोयला चोरी होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। दिनदहाड़े कोयला चोरी ने प्रबंधन की नाक में दम कर दिया है बल्कि सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती के बावजूद चोरी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सूरजपुर-सरगुजा सीमावर्ती क्षेत्र में कोयला चोरी का पूरा नेटवर्क बेहद संगठित तरीके से काम कर रहा है। खदान के अलग-अलग हिस्सों में मोटरसाइकिल और मिनी वाहनों के जरिए कोयला निकाल आसपास क्षेत्रों में खपा रहे है। ठंड बढ़ते ही एक बार फिर गायत्री खदान में कोयला चोर गिरोह न सिर्फ सक्रिय हो गए है बल्कि खदान से कोयला चोरी करने की घटना को अंजाम दे रहे है। कोयला चोर इतने शातिर है कि अब खदान के किनारों पर बने स्थाई रास्तों का उपयोग कर रात के अंधेरे में सक्रिय होकर खदान से कोयला चोरी करते है। सूत्रों के मुताबिक खदान से लगभग प्रतिदिन 50 से 100 टन कोयला पार कर देते है। ऐसे में प्रबंधन द्वारा लगाया गया सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह बेअसर साबित हो रहा है। सालों से गायत्री खदान में इसी तरह कोयला चोरी को अंजाम दिया जा रहा है रोजाना कई टन कोयला बाइकर्स गैंग खुलेआम खदान के भीतर बाइक से लोड कर पार कर दे रहे हैं। बाइकर्स गैंग दिन हो या रात खुलेआम खदान के भीतर से बोरी में कोयला भरकर सूरजपुर जिले के सरहदी गांव सरगुजा जिले के लैंगा में कोयले के बड़े तस्करों को किलो के भाव में बेच रहे हैं। जहां से ट्रक, पिकअप, ट्रैक्टर के माध्यम से तस्करी को अंजाम दिया जा रहा हैं।



खदान से कोयला चोरी करते ग्रामीण।

#### बना लिए हैं अस्थाई डिपो

कोयला तस्करी से जुड़े लोग सीमावर्ती गांव में अस्थाई डिपो बना रखा है जहां किलो के भाव में बाइकर्स गैंग से कोयला खरीदते हैं फिर उसे ट्रक में भरकर संभाग के विभिन्न जगहों पर स्थित चिमनी ईंट भट्ठों में बेचकर मोटी रकम कमा रहे हैं। हाल ही में लैंगा गांव के सरनापारा के एक ग्रामीण के बाड़ी से लगभग 30 टन कोयला उदयपुर पुलिस एवं खनिज विभाग अंबिकापुर द्वारा जब्त किया गया था। हैरानी की बात तो यह है कि कोयला जब्ती के बाद भी इस मामले में एक माह बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस को कार्रवाई के दौरान ग्रामीण से कोयले संबंधित दस्तावेज मांग की गई जिसमें उसने दूसरे जिले का दस्तावेज प्रस्तुत किया जबकि कोयले को सैंपलिंग करा कर स्पष्ट किया जा सकता था। जिस जगह पर कोयले का ढेर पाया गया वहां से गायत्री खदान जंगल के रास्ते महज 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोयला कहां का है।



## केबिनेट मंत्री के प्रयासों से स्टॉप डैम बनने की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

शिवनंदनपुर मंडल अंतर्गत ग्राम कसलगिरी में क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से लगभग 79 लाख रुपये की लागत वाले स्टॉप डैम की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी क्रम में शुक्रवार को विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य किरण केराम, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, जनपद सदस्य लीलावती सिंह, ग्राम सरपंच आराधना सिंह, भगवत प्रजापति, ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्टॉप डैम के निर्माण से क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

- किया गया भूमि पूजन



# कभी खुशी कभी गम के 24 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**मुंबई।** काजोल अपने अभिनय के अलावा फैंस के बीच अपनी हाजिर जवाबी के लिए भी मशहूर हैं। रविवार को काजोल ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट साझा की। इसमें अपनी फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के 24 साल पूरे का जिक्र किया। फिल्म से जुड़ी अपनी एक फोटो शेयर की। साथ ही एक फनी कमेंट भी लिखा। इसमें वह यंग लड़कियों को एक खास सलाह भी दे रही हैं। काजोल लिखती हैं, 'सभी अंजलियों से कहना चाहती हूं, खुद पर प्राउड फील करो। खुलकर जीयो। राहुल (कभी खुशी कभी गम का लीड कैरेक्टर, जिसे शाहरुख ने निभाया था)' लेट हो सकता है, क्योंकि वह कहीं ट्रैफिक में फंसा होगा।'

## लाइफ Style

# श्रेया



4 साल की उम्र में संगीत की साधना कर रही प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल आज सुरों की मल्लिका बन चुकी हैं। सिंगल बॉलीवुड में हिट सॉन्ग देने के साथ-साथ सिंगिंग रियलिटी शो में बतौर जज के तौर पर दिखती हैं।

## 10 साल की डेटिंग के बाद किया था प्रपोज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


अब उन्होंने 'इंडियन आइडल' शो में अपनी लव स्टोरी के बारे में बात की और बताया कि कैसे उनके बचपन के दोस्त शिलादित्य मुखोपाध्याय ने उन्हें प्रपोज किया. 'इंडियन आइडल' के मंच पर रोमांस की बातों ने शो के माहौल को बदल दिया। शो में होस्ट आदित्य ने श्रेया से पूछा कि कैसे उन्हें शिलादित्य ने प्रपोज किया था। इसपर सिंगर ने कहा कि हम पहले से एक दूसरे को जानते थे और एक दिन उन्होंने तय किया कि आज मैं पूछता ही लेता हूं, लेकिन वो बहुत साधारण सवाल था, क्योंकि मेरा जवाब पहले ही 'हां' ही होने वाला था। फिर एक दिन हम लोग अपने दोस्त की शादी में गए और उन्होंने अचानक से शादी के लिए प्रपोज किया और मेरा जवाब वही था। उन्होंने कहा कि 'पता होने के बावजूद भी वो पल हमारे लिए बहुत खास था।' शो में सिंगर पार्श्व गायिका कविता कृष्णमूर्ति भी मौजूद थीं। उन्होंने अपनी लव स्टोरी बताते हुए कहा कि मैं घर पर बहुत लाड़-प्यार से पली थी और प्यार-मोहब्बत जैसी चीजों से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन जब पहली बार सुब्रमण्यम जी के घर पहुंची थी, तो अहसास हुआ कि इस घर में मेरे लिए खास जगह है। उन्होंने सामने से मुझे प्रपोज किया और मैंने 'हां' कर दी।

## हॉलीवुड मसाला



# कई फिल्मों में आ चुके नजर

**लॉस एंजिल्स।** रेसलिंग के साथ-साथ जॉन सीना ने हॉलीवुड में भी अपनी अलग पहचान बनाई। द मरीन (2006) जॉन सीना की पहली बड़ी एक्शन फिल्म मानी जाती है। इस फिल्म में उन्होंने एक पूर्व मरीन सैनिक का किरदार निभाया था, जो अपनी पत्नी को बचाने के मिशन पर निकलता है। एक्शन फिल्मों में सीना की एंट्री यहीं से मजबूत हुई। 12 राउंड्स (2009) थ्रिलर में सीना एक पुलिस अफसर के रोल में नजर आए। फिल्म की कहानी रफ्तार, सस्पेंस और एक्शन से भरी हुई थी।




# पल्प फिक्शन में निभाए थे यादगार किरदार...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर फिल्मों 'द मास्क' और 'पल्प फिक्शन' में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले अभिनेता पीटर ग्रीन का 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। ग्रीन ने 1994 की फिल्म 'द मास्क' में डोरियन टायरेल के खलनायक के रूप में और उसी वर्ष 'पल्प फिक्शन' में यादगार किरदार निभाए थे। वह 'द यूजुअल सस्पेक्ट्स' और 'ट्रेनिंग डे' जैसी फिल्मों में भी अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते थे। हॉलीवुड ने एक प्रतिभाशाली चरित्र अभिनेता को खो दिया है। पीटर ग्रीन ने 1990 में एनबीसी के क्राइम ड्रामा 'हार्डबॉल' के एक एपिसोड में गेस्ट अपीयरेंस के साथ ऑनस्क्रीन डेब्यू किया था। दो साल बाद उन्होंने 'लॉज ऑफ ग्रेविटी' से फिल्मों में डेब्यू किया। न्यू जर्सी में जन्मे इस अभिनेता ने 1990 के दशक की शुरुआत में कई बेहतरीन भूमिकाएं निभाईं, जिनमें क्लीन शेवन (1993) भी शामिल है। ग्रीन एक जाने-माने कैरेक्टर एक्टर थे।




# मेस्सी से मिलकर खुश हुए तैमूर-जेह


**मुंबई।** रविवार को मुंबई के एक इवेंट में इंटरनेशनल फुटबॉल प्लेयर लियोनल मैसी ने कई सेलेब्स से मुलाकात की। इसमें करीना कपूर का नाम भी शामिल है। करीना ने अपने इंस्टाग्राम पर जो एक तस्वीर शेयर की है, उसमें बेटा तैमूर और जेह, लियोनल मैसी के नाम वाली टी-शर्ट पहने दिख रहे हैं। करीना ने दोनों बेटों का हाथ थामा हुआ है। इसके बाद करीना ने बेटों की मुलाकात लियोनल मैसी से करवाई। लियोनल मैसी मिलकर करीना के बेटे काफी खुश नजर आए। लियोनल मेसी इन दिनों इंडिया टूर पर है। करीना कपूर के करियर फ्रंट की बात करें तो वह मेघना गुलजार की एक फिल्म कर रही हैं। मेघना गुलजार निर्देशित फिल्म 'दायरा' में करीना कपूर के साथ साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन भी लीड रोल में नजर आएंगे।



# 6 साल बाद गर्लफ्रेंड संग अर्जुन ने की सगाई

**मुंबई।** अर्जुन रामपाल इन दिनों फिल्म 'धुरंधर' की कामयाबी की वजह से सुर्खियों में हैं। इसमें उन्होंने मेजर इकबाल का किरदार निभाया है। 5 दिसंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक 292 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। माना जा रहा है कि अर्जुन रामपाल ने हाल ही में लंबे समय से रही अपनी गर्लफ्रेंड के साथ सगाई की पुष्टि की है। वह पिछले छह वर्षों से गैब्रिएला डेमेट्रियड्स को डेट कर रहे हैं। रिया चक्रवर्ती ने एक वीडियो शेयर किया। यह वीडियो उनके पॉडकास्ट का है। इसमें अर्जुन रामपाल और उनकी गर्लफ्रेंड गैब्रिएला डेमेट्रियड्स नजर आईं। दोनों ने अपने प्यार, शादी और कई चीजों के बारे में बात की। वीडियो में गैब्रिएला डेमेट्रियड्स को कहते हुए सुना जा सकता है 'हमने अभी तक शादी नहीं की है, लेकिन कौन जानता है।'

## टीवी मसाला



# भाबीजी घर पर हैं 2.0 में शिल्पा ने अंगुरी के रोल में की वापसी

**नई दिल्ली।** लगभग एक दशक बाद शिल्पा शिंदे पॉपुलर सिटकॉम भाबीजी घर पर हैं।.. में अंगूरी भाभी के रोल में वापसी कर रही हैं। शिल्पा के जाने के बाद शुभांगी अत्रे ने पहले यह रोल किया था, लेकिन अब असली अंगूरी वापस आ गई हैं। इस बार वह भाबीजी घर पर हैं 2.0 में एक डरावना ट्विस्ट ला रही हैं। फैंस पहले से ही उनकी वापसी को पसंद कर रहे हैं। शनिवार को भाबीजी घर पर हैं के मेकर्स ने नए सीजन का टीजर जारी किया. ओरिजिनल शो पूरी तरह से कॉमेडी पर आधारित था, आने वाले सीजन के टीजर में एक अजीब ट्विस्ट दिखाया गया है। यह अंगूरी, तिवारी, विभूति और अनीता को घूंघटगंज नाम के एक अनजान गांव में ले जाता है। उनका ध्यान एक अजीब दिखने वाली मूर्ति पर जाता है जो उन्हें रुकने पर मजबूर कर देती है। एक डरावने पल में मूर्ति की साड़ी फिसलकर सीधे अंगूरी पर गिरती है, जो इस बात का संकेत देती है कि शो किस तरह का डरावना मोड़ लेने वाला है। पोस्ट पर कैप्शन में लिखा है, 'घूंघटगंज की गलियों से घूंघट उठाके, आ रही हैं असली से भी असली भाभीजी हंसी का तड़का लगाएं. सही पकड़े हैं!' फैंस ने कमेंट में शिल्पा की वापसी की सराहना की, वहीं कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने शुभांगी अत्रे के लिए अपना समर्थन भी व्यक्त किया. एक कमेंट में लिखा था, "अंगूरी के रूप में शुभांगी बेस्ट थीं.." एक अन्य ने लिखा, "हमारी अपनी ओजी अंगूरी भाभी वापस आ गई हैं - बहुत उत्साहित हूं!" एक अन्य ने लिखा, "आखिरकार, ओजी भाभी आ गई." एक फैन ने यह भी लिखा, "आसिफ सर और शिल्पा मैम को फिर से देखने का मौका मिलेगा-वाह, यह बहुत अच्छा है।"

## 'किस-किस' के प्रीमियर पर चप्पल पहन पहुंचे

**नई दिल्ली।** पॉपुलर कॉमेडियन सुनील पाल को हाल ही में कपिल शर्मा की फिल्म किस किस को प्यार करूं 2 के प्रीमियर पर मुंबई में देखा गया। इस इवेंट में टाइगर श्रॉफ, अमीषा पटेल, सुनील शेट्टी, कृष्णा अभिषेक, तब्बू, राजीव ठाकुर, आरती सिंह, अनिल कपूर, भारती सिंह, मनोज बाजपेयी, अर्चना पूरन सिंह, मनीष पॉल, जाकिर खान, जॉनी लीवर और सुपरस्टार आमिर खान ने शिरकत की, जो अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ आए थे। हालांकि इस स्टार्स से भरे इवेंट पर सुनील पाल ने अपने अचानक घटे वजन से लोगों का ध्यान खींचा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में सुनील पाल ब्लू शर्ट, काले ट्राउजर्स के साथ चप्पल पहनें इवेंट में एंट्री करते हैं। क्लिप देखते ही फैंस को उनकी चिंता होने लगी, क्योंकि वह काफी कमजोर नजर आ रहे हैं।



# नौवें दिन 300 करोड़ पार हुई धुरंधर

## दूसरे शनिवार को ज्यादा कमाई का रिकार्ड बनाया



**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तूफान खड़ा कर दिया है, जिसने हाल के वर्षों के कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। रिलीज के नौवें दिन यानी दूसरे शनिवार को फिल्म ने जो कमाई की है, उससे बॉक्स ऑफिस हिल गया है। दरअसल 'धुरंधर' अब आधिकारिक तौर पर 300 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है और साल 2025 की सबसे बड़ी हिंदी फिल्मों में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 'धुरंधर' ने शनिवार को 53.70 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इस रिकॉर्ड के साथ धुरंधर ने कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। दूसरे शनिवार को कमाई के मामले में ऐसा कारनामा पहले किसी भी हिंदी भाषा में रिलीज हुई फिल्म ने नहीं किया है। अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2, जिसने दूसरे शनिवार को करीब 46 करोड़ रुपए कमाए थे और विक्की कौशल की छावा, जो लगभग 44 करोड़ रुपए तक पहुंच पाई थी- दोनों ही अब इस रेस में पीछे रह गई हैं। इतना ही नहीं, एनिमल, जवान, गदर 2, स्त्री 2 और यहां तक कि बाहुबली 2 जैसी मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्मों के दूसरे शनिवार के कलेक्शन को भी धुरंधर ने पार कर लिया है।

# 'मैं तो आरती उतारूं' गाने से घर-घर छाई थीं उषा मंगेशकर

**नई दिल्ली।** 90 के दशक के बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक, एक गाना 'मैं तो आरती उतारूं संतोषी माता की' हमेशा लोगों की जुबान पर रहा है। यह टीवी पर भी खूब चला और कीर्तनों में भी इसने अपनी खास जगह बनाई, लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इतना मशहूर यह गाना आखिर गाया किसने था? ये गाना लता मंगेशकर ने नहीं, बल्कि उनकी छोटी बहन उषा मंगेशकर ने गाया था। बहन लता की तरह आवाज का जादू भगवान ने उषा मंगेशकर को भी दिया, जिसके बलबूते पर उन्होंने हिंदी, मराठी, बंगाली, भोजपुरी, नेपाली, कन्नड़ और असम की भाषा में कई गाने रिलीज किए।

***बहन का साथ देने के लिए गायन किया शुरू*** : 15 दिसंबर को जन्मीं उषा मंगेशकर ने भी बचपन से अपनी बहन लता को परिवार और कॅरियर बनाने के बीच मेहनत करते देखा और अपनी बहन का साथ देने के लिए उन्होंने भी गायन शुरू किया। जब



उषा मंगेशकर ने गाना शुरू किया था, उससे पहले ही लता अपना हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर चुकी थीं। पिता की मौत के बाद पहले कमाई के लिए गाना गाना शुरू किया था, लेकिन किसी को क्या पता था कि तीनों बहनें सिंगिंग में अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा लेंगी।

### बड़ी बहन लता के बहुत करीब थी

उषा अपनी बड़ी बहन लता के बहुत करीब थी और बचपन से लेकर बड़े होने तक उन्होंने हर परिस्थिति में उनका पूरा साथ दिया है। लता मंगेशकर के निधन के बाद उन्होंने ही अपनी दीदी की आत्मा को शांति देने के लिए वाराणसी में अस्थिकलश को गंगा में प्रवाहित किया था। उन्होंने कहा कि अब वे अकेली रह गई हैं और उनके लिए एक पल भी काटना मुश्किल हो रहा है। सिंगर ने कहा था कि वे हमेशा महसूस करती हैं कि दीदी उनके साथ ही हैं।

### फिल्मफेयर पुरस्कार मिला

साल 1953 में प्लेबैक सिंगर के रूप में कॅरियर की शुरुआत करने वाली उषा ने पहले कम बजट की फिल्मों में गायन किया, जिससे उनके करियर को बड़ा ब्रेक नहीं मिला। उन्होंने पहली बार 1954 में फिल्म 'सुबह का तारा' का !भाभी आई बड़ी धूम धाम से' गाना गाया था, लेकिन असल पहचान 1975 में आई फिल्म 'जय संतोषी मां' का गाना 'मैं तो आरती' गाकर मिली थी। ये गाना घर-घर प्रसिद्ध हुआ था। इस गाने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था, जिसके बाद उन्हें 'मंगता है तो आजा' और 'हमसे नजर तो मिलाओ' के लिए भी सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका के तौर पर नॉमिनेट किया गया।

### इन फिल्मों के गानों को दी आवाज

उन्होंने 1978 में आई फिल्म खट्टा मीठा, 1979 में आई तराना','काला पत्थर, 1980 में आई नसीब और खूबसूरत, और 1981 में आई डिस्को डांसर जैसी फिल्मों के गानों में अपनी आवाज दी। उषा ने अपनी बहन के साथ मिलकर भी डुएट भी गाए, जिसमें आया मौसम दोस्ती का, आशा का फूल, और सब जनता का है, जैसे हिट गाने मिलकर गाए।

## सिनेमा को मनोरंजन से आगे बढ़ाकर समाज का बनाया आईना

# चार्ली चैपलिन से ली प्रेरणा, अधूरी मोहब्बत की आग में जले

*मुंबई। मासूम मुस्कान, नीली आंखें और शरीर की हरकतों में छुपा दर्द- राज कपूर सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक विचार थे। उन्होंने सिनेमा को मनोरंजन से आगे बढ़ाकर समाज का आईना बनाया, जिसमें गरीबी, बेरोजगारी, वर्गभेद और इंसानी अकेलापन साफ दिखाई देता था।*



### भारत के चार्ली चैपलिन कैसे बने?

राज कपूर को यूं ही 'भारत का चार्ली चैपलिन' नहीं कहा गया। बचपन से ही वो चार्ली चैपलिन की फिल्मों से गहराई से जुड़े हुए थे। जहां बाकी लोग उनकी फिल्मों पर हंसते थे, वहीं राज कपूर की आंखें नम हो जाया करती थीं। चैपलिन का वह किरदार— जिसका न कोई घर होता है, न कोई ठिकाना- राज कपूर को भीतर तक छू जाता था। यही वजह रही कि आगे चलकर आवारा, श्री 420 और मेरा नाम जोकर जैसे किरदारों में उन्होंने उसी ट्रैजिक-कॉमिक आत्मा को भारतीय संदर्भों में ढाल दिया।

### दुनियाभर में मशहूर थे

राज कपूर की लोकप्रियता भारत तक सीमित नहीं रही। सोवियत यूनियन में उनकी फिल्म आवारा ने इतिहास रच दिया। रूस में इस फिल्म ने करोड़ों टिकट बेचे और राज कपूर वहां किसी सुपरस्टार से कम नहीं थे। मॉस्को एयरपोर्ट पर जब प्रशंसकों ने उनकी टैक्सी को कंधों पर उठा लिया, तो यह सिर्फ एक अभिनेता का स्वागत नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा की जीत थी। चीन, तुर्की, मध्य-पूर्व और अफ्रीका तक 'आवारा हूं' की गूंज सुनाई देती थी। यहां तक कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी उनकी अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता की खुलेआम सराहना की थी।

### राज कपूर और नरगिस की प्रेम कहानी



राज कपूर और नरगिस की प्रेम कहानी हिंदी सिनेमा की सबसे खूबसूरत, लेकिन दर्दनाक कहानियों में गिनी जाती है। पर्दे पर उनकी जोड़ी जादू बिखेरती थी, लेकिन हकीकत में यह रिश्ता अधूरा रह गया। शादीशुदा होने के कारण राज कपूर वह फैसला नहीं ले सके, जिसका इंतजार नरगिस वर्षों तक करती रहीं। आखिरकार नरगिस की जिंदगी में सुनील दत्त आए और एक नई कहानी शुरू हुई। कहा जाता है कि नरगिस की ऊंची हील्स देखकर ही राज कपूर को एहसास हो गया था कि वह अब उनसे दूर जा चुकी हैं।

### निजी जिंदगी में काफी सरल थे

निजी जिंदगी में राज कपूर जितने सरल थे, उतने ही जटिल भी। बेटे रणधीर कपूर से जुड़ा एक किस्सा अक्सर याद किया जाता है, जब उन्होंने कहा था कि अगर वे बस में भी सफर करें, तो लोग बस यही कहेंगे कि राज कपूर बस में बैठे हैं। यह कथन उनके स्टारडम से ज्यादा उनके आत्मविश्वास और सादगी को दर्शाता है।

### एक फिल्म के लिए सब कुछ दांव पर लगाया

राज कपूर का असर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा। रणबीर कपूर का नाम भी उनके पूरे नाम रणबीर राज कपूर से लिया गया। वहीं, फिल्म संगम की पार्टी में हुआ एक थप्पड़ कांड, जिसमें लेखक इंदर राज आनंद का कॅरियर तबाह हो गया, इंडस्ट्री की सख्त और संवेदनशील सच्चाई को उजागर करता है। बतौर फिल्ममेकर राज कपूर पैसों से ज्यादा पैशन में विश्वास रखते थे। मेरा नाम जोकर के लिए उन्होंने सब कुछ दांव पर लगा दिया। सेट पर क्रू की देखभाल, खाने-पीने का इंतजाम और रियल लोकेशन्स पर शूट- ये सब उनकी कार्यशैली का हिस्सा था। 18-18 घंटे काम करना उनके लिए आम बात थी।

**खबर संक्षेप**

## टांगरपाली फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता

**राउरकेला।** टांगरपाली फुटबॉल मैदान में रोटरी चैम्पियंस ट्रॉफी के तहत आयोजित रोटरी क्लब ऑफ़ राउरकेला मिडटाउन द्वारा प्रायोजित आरसीसी टांगरपाली का वार्षिक फुटबॉल टूर्नामेंट उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबला एनके नगर और एससीएसटी क्लब सेक्टर.1 के बीच खेला गया, जिसमें एनके नगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4.1 से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मैच के दौरान खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ़ राउरकेला मिडटाउन के अध्यक्ष डॉ. एसके मेहर, सचिव सुकीर्ति शुक्ला, पीडीजी एफसी मोहंती, रो वज़ीर, विजय दास, असीम मोहंती, राकेश गोयल सहित अन्य रोटरी सदस्य उपस्थित रहे। लगभग 5000 ग्रामीण दर्शकों ने रोमांचक फुटबॉल मैच के साथ.साथ संगीत एवं नृत्य कार्यक्रमों का भी भरपूर आनंद लिया। यह टूर्नामेंट खेल के माध्यम से सामाजिक एकता और ग्रामीण प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का सशक्त उदाहरण बना।

## पतरापाली में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा कल पूर्व माध्यमिक शाला पतरापाली में माह के द्वितीय शनिवार बेगलेस डे 13 दिसंबर मध्याह्न भोजन की सुरक्षा, स्वच्छता पर रसोईया और बच्चों का प्रशिक्षण आयोजन किया गया। उसके पश्चात सभी बालिकाओं को समूह में विभाजित कर रंगोली प्रतियोगिता किया गया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीम सुधा राठिया, स्नेहा अगरिया एवं पंकिता राठिया द्वितीय स्थान में माही राठिया, कौशल्या अगरिया एवं वंदना निषाद एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम में खुशी अगरिया, ज्योति राठिया, महिमा राठिया को पुरस्कृत किया गया एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में मालिनी राठिया दिव्यंका यादव, आशना चौहान, गायत्री राठिया, नैना राठिया, प्रिंसी यादव, रोशनी राठिया, राधा राठिया, तारा राठिया को प्रदान किया। उसके पश्चात कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक की सभी बालक बालिकाओं का सामूहिक खेल के रूप में सुनहरी मछली खेल का आयोजन किया गया। जिसमें आठवीं एवं सातवीं सभी बच्चों ने जाल फैलाने का काम किया एवं शेष सभी बच्चे सुनहरी मछली के रूप में खेल में भाग लिए यह खेल बहुत ही मनोरंजक रहा। जिसमें हमें सुनहरी मछली के रूप में तीन बच्चे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय प्राप्त हुए। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संकुल केन्द्र पतरापाली, विकास खंड घरघोड़ा के संकुल प्राचार्य एमएल चौहान के द्वारा प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के रंगोली का सूक्ष्म निरीक्षण कर पुरस्कार के लिए चयन किया गया तथा उनके कर कमल द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

## शीतलहर को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

**रायगढ़।** जिले में बढ़ती ठंड और संभावित शीतलहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने आमजन से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में तापमान में अत्यधिक गिरावट, शीतलहर एवं शीत दिवस की स्थिति बनने की संभावना जताई गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल जगत ने बताया कि शीतलहर का प्रभाव विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों पर अधिक पड़ता है। साथ ही हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, मधुमेह, अस्थमा एवं अन्य दीर्घकालिक रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शीतलहर के दौरान शरीर का तापमान अचानक गिर सकता है, जिससे हाइपोथर्मिया, हाथ.पैरों में सुन्नपन, श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि तथा हृदय रोगियों में जटिलताएं बढ़ने की आशंका रहती है। बच्चों में सर्दी.जुकाम व निमोनिया का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने शीत लहर को विशेष ध्यान में रखते हुए नागरिकों को परतदार गर्म कपड़े पहनने, ऊनी टोपी, मफलर, दस्ताने व मोजे का उपयोग करने की सलाह दी है।

### समाधान मिलने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार

# मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में अब तक 15 हजार प्रकरणों का निराकरण

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर स्थापित सीएम कैंप कार्यालय बगिया आज लोगों की समस्याओं का सबसे तेज और भरोसेमंद समाधान केंद्र बन चुका है।

तीज त्यौहार हो या अर्द्धरात्रि, बस एक फोन कॉल पर सहायता पहुंचना अब यहां की सामान्य प्रक्रिया बन गई है। नारायणपुर के चिटकवाईन गंझू टोली में ट्रांसफार्मर खराब होने से उत्पन्न संकट हो या आपात स्वास्थ्य सहायता कैंप कार्यालय हर परिस्थिति में तत्पर दिखाई देता है।स्थापना के बाद से अब तक लगभग 14,995 प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया है। बिजली, पेयजल, सड़क, राजस्व, स्वास्थ्य, सामाजिक सहायता,आर्थिक सहायता जैसे मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई ने लोगों का विश्वास और गहरा किया है। 110 नए ट्रांसफार्मर, नई विद्युत लाइनें और उपकेंद्रों की स्थापना से लोगों को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में कैंप कार्यालय ने मानवीय सेवाभाव का उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत जिले के 72 मरीजों के इलाज के 2 करोड़ 85 लाख रुपए की मिली स्वीकृति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर संचालित सीएम कैंप कार्यालय बगिया से बीते दो वर्षो में कई जरूरतमंद हितग्राहियों को त्वरित लाभ प्रदान किया गया। इस कार्यालय में परिजनों के आवेदन 72 मरीजों के लिए 2 करोड़ 85 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत ताजा मामला मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत जिला कोरिया निवासी हितग्राही राजवर्धन पैकरा, पिता सुरेन्द्र पैकरा (उम्र 6 वर्ष) को गंभीर बीमारी के उपचार हेतु 18 लाख रूपये की आर्थिक सहायता की स्वीकृति दी गई। वहीं गणेश राम यादव, पिता महेश्वर राम यादव (उम्र 48 वर्ष) को किडनी ट्रांसप्लांट उपचार के लिए 1 लाख 54 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।इस तरह इस कार्यालय में आवेदन पर एक दुर्घटना में मृत्यु के बाद पानमती बाई, ग्राम केवटीनडांड़, तहसील कांसाबेल को संगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 1 लाख रुपए की सहायता राशि दिलाई गई।



**जरूरतमंदों को मिली तत्काल सहायता**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निजी निवास बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय ने एक बार फिर संवेदनशील शासन का प्रमाण दिया है। यहां जरूरतमंद लोगों के आवेदन पर तत्काल सहायता पहुंचाई गई। सीएम कैंप कार्यालय से अब तक सैकड़ों दिव्यांगजन व जरूरतमंदों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, ट्राई साइकिल, वैशाखी जैसे जरूरी सहायक उपकरण प्रदान किए गए हैं।जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली इस सरकार की त्वरित पहल से लाभार्थियों ने राहत महसूस की और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया।

शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु प्राथमिक शाला जामुंडा में बसंत कुमार सिंह एवं कलिन्द राम के आवेदन पर शिक्षक व्यवस्था कराई गई। ग्राम पंचायत कोनपारा, तहसील फरसाबहार में रामशंकर कालो सहित कई को नहर कार्य की बकाया मजदूरी का भुगतान कराया गया। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों की मांग पर पेयजल समस्या के समाधान हेतु नलकूप खनन तथा सड़क निर्माण जैसे जनहित कार्यों पर भी कार्रवाई की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन ने शुरू की स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन 5 मिनट के भीतर पहुंचा रही है स्वास्थ्य सहायता सीएम कैंप कार्यालय बगिया में इलाज के लिए दिए गए आवेदन पर सहायता पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मितान टीम ने चिकित्सा सहायता को और अधिक सुलभ बना दिया है, जहां 5 मिनट के भीतर मरीजों से संपर्क कर आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जाती है। सीएम कैंप कार्यालय ने कठिन परिस्थितियों में भी संवेदनशील भूमिका निभाते हुए 4581 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने में सफलता मिली है।

## कोसीर में मड़ाई मेला की धूम

**कोसीर।** मडाई मेला धूम मचा हुआ है आसपास दूर दराज से हजारो की संख्या मे पहुंचकर मेला की लुत्फ उठा रहे है जिसके फलस्वरूप कोसीर का मडाई मेला मनोरंजन का एक मात्र साधन बना हुआ है युवा वर्ग वही बड़े झूले का आनन्द ले रहे है तो वही नन्हे बच्चे छोटे झूले का आनन्द लेने मे कोई कसर नही छोड रहे है। झूले सर्कस सिनेमा से सजा मेला लग रहा आकर्षक का केंद्र मेला मे छोटे बड़े झूले से लेकर सर्कस सिनेमा इत्यादि समानो से सजा हुआ है जहा लोग बाग बड़े ही तादाद मे पहुंचकर विभिन्न प्रकार के ब्यजन के स्वाद लेकर विभिन्न प्रकार के समानो की खरीदारी कर मेला की खूब एन्जॉय करते नजर आ रहे है। आपको बता बता दे कोसीर की मेला बहुत ही प्रसिद्ध माना जाता है पूरे क्षेत्र के लिए इस कारण से काफी भीड होता है आज चौथा दिन और भी ज्यादा भीड़ होने की संभावना बताई जा रही है। मेला मे बनज सिनेमा मे लगी मोर छ ईया भूईया 3 लोगो को लुभा रही अंचल दूर दराज से लोग सपरिवार पहुंच कर मेला की लुत्फ व आनंद उठा रहे है।

## पीएम केंद्रीय विद्यालय में मना केवीएस फाउंडेशन डे

**जशपुरनगर।** पीएम केंद्रीय विद्यालय जशपुर में केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) फाउंडेशन डे एवं वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम, जिला जशपुर विश्वास राव मस्के रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नितिन राय, अध्यक्ष (सीईसी) और अमरनाथ धमगया, प्राचार्य (लाइवलीहुड कॉलेज) ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दी।विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य महोदय की उपस्थिति में गार्ड ऑफ ऑनर से किया।



विद्यार्थियों द्वारा मशाल प्रज्ज्वल और मार्च पास्ट के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ केवीएस स्थापना दिवस समारोह से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, लघु नाटिका एवं समूह नृत्य के माध्यम से संगठन के उद्देश्यों, मूल्यों तथा शिक्षा में अनुशासन, खेल व समर्पण के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरक संबोधन में केवीएस स्थापना दिवस एवं वार्षिक खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका स्वयं का झुकाव छात्र जीवन से ही खेल गतिविधियों की ओर रहा है। खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक व्यवहार का भी विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अध्ययन के साथ ही खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने भी अपने संबोधन कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन बच्चों के व्यक्तित्व का बहुआयामी विकास करता है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थी जीवन कौशल, नेतृत्व और सहयोग की भावना सीखते हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका शीला टोप्पो द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात वार्षिक खेलकूद दिवस के अवसर पर खेल शिक्षक ए नवीन कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने कबड्डी, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ तथा 4×100 मीटर रिले रेस शतरंज प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के उपरांत विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

## हॉकी में कुनकुरी कॉलेज को 3-0 से हराया

# एनईएस कॉलेज का खेल में शानदार प्रदर्शन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

एनईएस महाविद्यालय की हॉकी पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजीव गांधी गवर्मेंट पीजी कॉलेज अंबिकापुर की टीम को 5-0 से हराया।

फाइनल में प्रवेश किया है। एन ई एस कॉलेज की टीम ने विपक्षी टीम को मैच में वापसी करने का कोई मौका ही नहीं दिया कि वो मैच में वापसी कर सके। उनकी अटैक के सामने अंबिकापुर की टीम ने मानो आत्म समर्पण ही कर दिया हो जैसा कि मैच में देखने को मिला। एनईएस कॉलेज की टीम का फाइनल में भी शानदार प्रदर्शन जारी रहा और टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक तरफा मुकाबले में बाला साहब देशपांडे कॉलेज कुनकुरी को 3-0 के अंतर पराजित किया। पूरे प्रतियोगिता में एनईएस कॉलेज की टीम ने विपक्षी टीम को एक भी गोल होने नहीं दिया और अंतर महाविद्यालय हॉकी पुरुष ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया।



इस टूर्नामेंट में एनईएस महाविद्यालय के अंकित और सदानंद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और टूर्नामेंट में कई गोल दागे। दर्शकों में उनकी नाम की गूंज थी। उन्होंने खेल के हर क्षेत्र में शानदार खेल दिखाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमरेन्द्र ने कहा कि महाविद्यालय के खिलाड़ी अपनी पकड़ हर खेलों में बना कर रख रहे हैं। जैसा कि अपने राज्य में जशपुर की पहचान हॉकी से होती है। उसकी मशाल को आज भी यहां के खिलाड़ी ने जला कर रखा है। एनईएस महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी मनोरंजन कुमार ने बताया कि हमारे कॉलेज की टीम हॉकी में लगातार अभ्यास कर रही थी जिसका यह परिणाम है। संभाग की ओर से कुल सात टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया है। यहां से इनका चयन सरगुजा विश्वविद्यालय की टीम में होगा। और ये टीम जनवरी माह में संबलपुर विश्वविद्यालय द्वारा होने वाली अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता भाग लेगी। अंतर महाविद्यालय हॉकी पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन संत गहरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के तत्वावधान में स्थानीय एस्ट्रोटर्फ मैदान जशपुर में किया गया।

जिसमे संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर से कुल सात टीमों ने इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## नीमगांव के बच्चों को भगवान राम ट्रस्ट ने बांटे गर्म कपड़े



**जशपुरनगर।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट, सर्वेश्वरी समूह एवं अघोर परीषद ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष पूज्यपाद बाबा गुरूपद संभव राम जी के निर्देशन में देश के उज्वल भविष्य बच्चों के सर्वांगीणं विकास हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रम के अंतर्गत बाबा भगवान राम ट्रस्ट सोगड़ा, जशपुर एवं सर्वेश्वरी समूह महिला संगठन जशपुर द्वारा 14 दिसम्बर 2025 रविवार को विकासखण्ड जशपुर के आदर्श शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक प्राथमिक शाला आश्रम नीमगांव में प्राथमिक शाला आश्रम के बच्चों के बीच ठंड से बचाव हेतु ऊनी टोपी,स्वेटर एवं मोजे सहित बिस्किट आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम प्रातः 10.30 बजे बालक प्राथमिक शाला आश्रम नीमगांव के प्रागंण में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 69 आश्रम के बच्चों को उक्त सामग्रिया वितरित की गई। ट्रस्टी कृष्ण कुमार टप्पू द्वारा ऊनी टोपी, स्वेटर एवं मोजे का वितरण कर कार्यक्रम प्रांरभ किया गया तत पश्चात श्सर्वेश्वरी समूह महिला संगठन जशपुर के वरिष्ठ सदस्य सरिता वास्तव द्वारा कुछ बच्चों को टोपी,स्वेटर एवं मोजे प्रदान की गयी। इसके बाद ट्रस्ट के सदस्यो एवं महिला संगठन के अन्य सदस्यो द्वारा टोपी,स्वेटर एवं मोजे वितरण का कार्य सम्पादित किया गया। कार्यक्रम में महिला संगठन की वरिष्ठ सदस्या सरिता वास्तव, सरिता अखौरी, कविता सिंह, बबीता सिन्हा, हेमलता, अर्पिता दूबे, रंजिता सांरगी, पूनम दूबे, सीमा सिंह, अंजू सिन्हा, अनुपमा सिंह, अनिमा मिश्रा, निधि यादव, सौम्या सुरभि के अलावे बाबा भगवान राम ट्रस्ट के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमल दूबे एंव प्रवीण सिन्हा का सराहनीय सहयोग रहा।

### कृषि एवं मत्स्य विभाग की योजनाओं की हुई गहन समीक्षा

# धन-धान्य कृषि योजना में जिले को शीर्ष पर लाने का लक्ष्य

**जशपुरनगर।** जिले में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की प्रगति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जशपुर अभिषेक कुमार द्वारा कृषि, मत्स्य एवं संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। सीईओ जिला पंचायत ने बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत जिले को राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान पर लाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से गंभीरता के साथ कार्य करें। उन्होंने योजना के अंतर्गत आयोजित शिविरों की प्रगति की समीक्षा करते हुए किसानों को अधिक से अधिक प्रेरित करने के निर्देश दिए। सीईओ अभिषेक कुमार ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में दलहन एवं तिलहन क्षेत्र विस्तार की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। सीईओ ने निर्देशित किया कि इस दिशा



में विशेष प्रयास कर किसानों को दलहन एवं तिलहन फसलों की ओर प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आयोजित कृषि प्रदर्शनों को प्रभावी ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लक्ष्य का वितरण करते हुए अधिकतम किसानों को केसीसी से लाभान्वित करने पर विशेष जोर दिया गया। सीईओ ने कहा कि केसीसी किसानों की आर्थिक मजबूती का महत्वपूर्ण साधन है, अतः इसके क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में मोनोकल्चर को बढ़ावा देने, एनएफडीपी में अधिक पंजीयन सुनिश्चित करने तथा मत्स्य केसीसी की संख्या में वृद्धि लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले के किसानों को उन्नतशील मत्स्य पालकों के यहां फील्ड विजिट कराने के निर्देश दिए गए, जिससे वे आधुनिक तकनीकों से सीख लेकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। बैठक में जिले में पॉन्ड लाइनर कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने सभी विभागों को समयबद्ध, परिणामोन्मुखी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का वास्तविक लाभ सीधे किसानों तक पहुंचना चाहिए।

## स्वरोजगार स्थापित करने मिलेगी आर्थिक सहायता

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वरोजगार और कुटीर उद्योग की स्थापना को प्रोत्साहित करने हेतु इच्छुक हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजनाओं के अंतर्गत बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें शासन द्वारा 35 प्रतिशत तक अनुदान का लाभ प्रदान किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 33 जिलों के माध्यम से आवेदन जमा कर योजना का लाभ लिया जा सकता है। इसके अंतर्गत मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत योजना का लाभ दिया जाएगा। उपसंचालक खादी ग्रामोद्योग शाखा, जिला पंचायत कार्यालय जशपुर ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इसमें सेवा क्षेत्र जैसेकृसाइकिल मरम्मत, मोटर साइकिल मरम्मत, मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक रिपेयरिंग, ब्यूटी पार्लर, फोटोकॉपी, वीडियोग्राफी, टेंट हाउस, कंप्यूटर सेंटर, होटल आदि के लिए 1 लाख रुपये तक, जबकि विनिर्माण क्षेत्र जैसेः दोना-पत्तल निर्माण, फैब्रिकेशन, हालर मिल, फ्लोर मिल, सिलाई सेंटर, अगरबत्ती निर्माण, बांस उद्योग आदि के लिए 3 लाख रुपये तक का ऋण बैंक के माध्यम से प्रदान किया जाता है। इस योजना में 35 प्रतिशत अनुदान का लाभ मिलता है तथा हितग्राही को परियोजना लागत का 5 प्रतिशत अंशदान स्वयं करना होता है।

**संपर्क एवं मार्गदर्शन**

स्वरोजगार योजनाओं से संबंधित आवेदन एवं मार्गदर्शन हेतु इच्छुक हितग्राही उपसंचालक, खादी ग्रामोद्योग शाखा, जिला पंचायत कार्यालय जशपुर में प्रत्यक्ष संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा दूरभाष नंबर 78989-85218 एवं कार्यालय सहायक के मोबाइल नंबर 78792-76165 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जिला प्रशासन ने युवाओं एवं बेरोजगारों से इन योजनाओं का लाभ लेकर स्वावलंबी बनने की अपील की है।

### युवाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शिविर का आयोजन

# एनईएस कॉलेज में एकदिवसीय युवा शिविर संपन्न

**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर नगर में अरविंदो सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य समिति के द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एकदिवसीय युवा शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. इंदिरा मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस), चेयरपर्सन, रायपुर शाखा रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अरविंद एवं मां के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर राजेंद्र प्रेमी एवं रमाकांत सिंह राठौर द्वारा प्रस्तुत सुमधुर वंदना गीत ने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र ने स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे बौद्धिक एवं मूल्यपरक आयोजन विद्यार्थियों के बौद्धिक, नैतिक तथा आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य वक्ता डॉ. इंदिरा मिश्रा ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में अरविंद के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, उनके शैक्षिक दर्शन तथा व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास,मानसिक, शारीरिक, आत्मिक एवं विकास पर विस्तार से विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अरविंद के विचार उच्च शिक्षा का स्वरूप, युवाओं की राजनीति में भूमिका तथा जीवन में मूल्यबोध की आवश्यकता विचारों को जानने की जिज्ञासा जाहिर किया। डॉ इंदिरा मिश्रा ने सहजता से उनके जिज्ञासाओं को शांत किया। बीए तृतीय वर्ष के छात्र केशव कुमार सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह सत्र अत्यंत प्रेरणादायक रहा, जिसने उनके विचारों को नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य अमरेंद्र द्वारा मुख्य वक्ता डॉ. इंदिरा मिश्रा को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।




डॉ मिश्रा ने भी अपने संस्था की ओर से महाविद्यालय प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित। किया कार्यक्रम का सफल संचालन गौतम सूर्यवंशी (सहायक प्राध्यापक) ने किया। इस अवसर पर प्रो.जेआर भगत, डॉ. सरिता निकुंज, ज्योति तिर्की, डॉ.एआर पैंकरा, रिजवाना खातून, प्रवीण सतपति, लाइजिन मिंज, मनोरंजन कुमार (स्पोर्ट्स ऑफिसर), अतिथि व्याख्याता बोध प्रकाश राठौर, कार्यालयीन कर्मचारी सुनील चौहान, प्रभात मिश्रा व्याख्याता सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षो से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411